सं0सं0-01/सा०सु०क्रय विविध-04/2024/...........

बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

प्रेषक,

सुशील कुमार,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक ................

विषय: **सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रयोजनार्थ प्रति कम्प्यूटर सेट रू०- 1,19,850/- (जी०एस०टी० सहित) (एक लाख उन्नीस हजार आठ सौ पचास) मात्र की दर से चार कम्प्यूटर सेट का क्रय किये जाने के निमित निदेशालय अन्तर्गत गठित क्रय समिति द्वारा अनुशंसित कुल राशि रू० 4,79,400/- (चार लाख उनासी हजार चार सौ) मात्र के व्यय की स्वीकृति।**

**आदेश - स्वीकृत**

सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा वृद्ध, विधवा, दिव्यांग एवं समाज के अन्य अभिवंचित वर्गो के कल्याणार्थ सभी प्रकार के पेंशन योजनाओं एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन किया जाता है। उक्त सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तकनीकी रूप से बेहतर क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए कम्प्यूटर सेट आदि का अधिष्ठापन कार्यालय में किया जाना है।

2. उक्त के आलोक में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रयोजनार्थ चार कम्प्यूटर सेट का क्रय किये जाने के हेतु निविदा के माध्यम से प्राप्त कोटेशन के आधार पर न्यूनतम दर पर कम्प्यूटर उपलब्ध कराने वाले एजेंसी M/S AGRISHT SOLUTIONS PRIVATE LIMITED से प्रति कम्प्यूटर रू० 1,19,850/- (जी०एस०टी० सहित) की दर से चार कम्प्यूटर सेट के क्रय किये जाने हेतु क्रय समिति के अनुशंसा के आलोक में उक्त एजेंसी से कम्प्यूटर सेट के क्रय एवं इसके निमित कुल राशि रू० 4,79,400/- (चार लाख उनासी हजार चार सौ) मात्र के व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. स्वीकृत राशि चालू वित्तीय वर्ष मॉग सं०-51 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष-2235- सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, उप मुख्य शीर्ष-03-राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, लघु शीर्ष-101-राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, उप शीर्ष-0201-इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना विपत्र कोड- 51-2235031010201 के विषय शीर्ष- 1301 कार्यालय व्यय मद अन्तर्गत उपलबध बजटीय उपबंध से विकलनीय होगा।

4. स्वीकृत राशि के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

5. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के परिपत्र संख्या- 2561 दिनांक- 17.04.1998, 2398 दिनांक- 08.04.2008, 12888 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-227/वि0 दिनांक- 28.03.2025 तथा समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

6. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर संचिका सं0-**01/सा०सु०क्रय विविध-04/2024** के टिप्पणी पृष्ठ 73/टि०पर दिनांक- 14.08.2026 को आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

7. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/-
(सुशील कुमार)
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/सा०सु०क्रय विविध-04/2024/**........... पटना, दिनांक ................

प्रतिलिपि :- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/ सचिव, वित विभाग/निदेशक, सामाजिक सुरक्षा निदेशालय / संयुक्त सचिव, योजना एवं बजट शाखा, समाज कल्याण विभाग/ अवर सचिव, (योजन एवं बजट शाखा), समाज कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **01/सा०सु०क्रय विविध-04/2024/**1941 पटना, दिनांक 21/8/2026

प्रतिलिपि:- विभागीय आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/8/26

संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।